# दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए, शान से निकली तिरंगा यात्रा

## नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी ने किया तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन

**रंगोली बनाते हुए हर घर तिरंगा का दिया संदेश**

**आज भी निकाली जाएगी भव्य तिरंगा यात्रा**



**उज्जैन। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। छात्र-छात्राओं से लेकर पुलिस और नगर निगम से लेकर जिला प्रशासन, स्मार्ट सिटी द्वारा भी तिरंगे यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को भी तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई।**

नवभारत से चर्चा में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें शहर के नागरिकों व अधिकारी कर्मचारियों ने भी भाग लिया। शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई रैली पुन: सिंहस्थ मेला कार्यालय पर पहुंची। उज्जैन में बुधवार को नगर पालिक निगम उज्जैन एवं स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से सिंहस्थ मेला कार्यालय से तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठन, संस्थाएं एवं साइकिल प्रेमी अपने हाथों में तिरंगा थामे साइकिल रैली में शामिल हुए। नवभारत से चर्चा में समाजसेवी पवन यादव ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन प्रकट उत्सव के पूर्व भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया है, उक्त रैली आज सुबह 10 बजे इस्कॉन मंदिर महानंदा नगर से निकालकर नानाखेड़ा, तीन बत्ती, दुर्गा प्लाजा, शहीद पार्क, टावर चौक, चामुंडा माता, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज फवारा चौक, नई सड़क, कंठाल, तेलीवाड़ा, निकास, अंकपात चौक होती हुई मित्रवृंदा धाम पर समाप्त होगी। जिसमें समस्त यादव अहीर समाज शामिल होगा। इधर 16 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, भगवान श्री कृष्णा का उज्जैन से खासा जुड़ाव रहा है। महर्षि सांदीपनि जी के आश्रम पर भगवान श्री कृष्ण विद्या अध्ययन के लिए आए थे। सांदीपनि आश्रम सहित इस्कॉन मंदिर और शहर के अन्य श्री कृष्ण मंदिरों में भव्य पूजन आरती और महाप्रसादी के आयोजन रखे गए हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उज्जैन आएंगे। मुख्यमंत्री का भी अधिकृत कार्यक्रम नहीं आया है।

### एसपी ने हरी झंडी देकर रवाना किया

उज्जैन। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में बुधवार 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल के पश्चात पुलिस बल के जवानों, पुलिस घुड़ सवार, स्कूली बच्चों, एन सी सी आदि ने पैदल एवं साइकिल पर सवार होकर तिरंगा यात्रा रेली निकाली गई। तिरंगा यात्रा रेली विभिन्न मार्गो से होते हुए टावर चौक पर समाप्त हुई। दशहरा मैदान पर रेली के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा रैली में देश भक्ति के गीत की धुनों पर यात्रा निकली। यात्रा प्रारंभ होने के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद पाराशर, नितेश भार्गव एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### सिंहस्थ मेला कार्यालय से रैली प्रारंभ हुई

साइकिल रैली सिंहस्थ मेला कार्यालय से प्रारंभ होते हुए विभिन्न मार्गों से होकर पुन: मेला कार्यालय पर आकर समाप्त हुई इस दौरान रैली में शामिल सभी के द्वारा सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी भी ली गई, सिंहस्थ मेला कार्यालय पर हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता का संदेश देते हुए रंगोली भी बनाई गई इस दौरान स्मार्ट सिटी के सीईओ संदीप शिवा, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। 14 अगस्त 2025 को हर घर तिरंगा घर-घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सुबह 10 बजे शहीद पार्क से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो कि टावर चौराहा, चामुंडा माता, मालीपुरा होते हुए फव्वारा चौक पर संपन्न होगी।

# महिला रिक्शा चालकों से अभद्रता, बजरंगदल का चक्काजाम

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन। महिला रिक्शा चालकों के साथ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अभद्रता का मामला सामने आने पर बजरंगदल देवासगेट थाने पहुंचा। जहां उनकी बात नहीं सुनी जाने पर बजरंग दल ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस ने महिला रिक्शा चालक की शिकायत पर मुस्लिम युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।**



शहर में इन दिनों ई-रिक्शा चालकों में महिला चालक भी शामिल है। जो बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे-बस स्टैंड से धार्मिक नगरी का भ्रमण-दर्शन कराने का काम कर रही है। कुछ दिनों से महिला रिक्शा चालकों के साथ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में मुस्लिम रिक्शा चालक द्वारा अभद्रता करते हुए सवारी बैठाने से रोका जा रहा था। बुधवार को तिरूपति एवेन्यू में रहने वाली रिक्शा चालक पिंकी पति गोविंद निवासी तिरूपति एवेन्यू रेलवे स्टेशन माल गोदाम पहुंची थी। उसी दौरान जाहिद नामक युवक ने सवारी बैठाने से मना किया और रेलवे स्टेशन से रिक्शा चलाने का विरोध किया। जिसके चलते उनके बीच कहासुनी हो गई। इस बात की खबर बजरंगदल को लगी तो वह पिंकी के साथ देवासगेट थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। लेकिन थाना प्रभारी के व्यवहार से नाराज हो गए। बताया जा रहा है कि पिंकी से कहा गया कि कब तक बजरंगदल वालों को साथ लेकर आओगी। इसी बात पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को गुस्सा भड़क गया। उन्होंने पहले थाने का घेराव किया और बाद में देवासगेट चौराहा पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान श्रीराम के नारे लगाये गये और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिया। इस दौरान देवासगेट चौराहा पर जाम के हालत बन गये।

### चालक की शिकायत पर दर्ज किया प्रकरण

बजरंगदल द्वारा चक्काजाम किये जाने और पुलिस के प्रति नाराजगी जताने की खबर मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर महिला रिक्शा चालक के साथ हुये विवाद और अभद्रता के मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त कराया। उसके बाद देवासगेट पुलिस ने पिंकी की शिकायत पर जाहिद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

# 1.130 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ाई बंगाली कॉलोनी की महिला

## 2 दिन पहले क्षेत्रवासियों पर किया था पथराव, चार युवकों की तलाश

**उज्जैन। बंगाली कॉलोनी के लोगों पर पथराव करने वाली महिला बीती रात 1.130 किलोग्राम गांजे के साथ पुलिस की गिरफ्त में आ गई। कुछ दिन पहले उसका पति जहरीली शराब के साथ पकड़ा था। महिला के साथ पथराव में चार युवक शामिल थे जिनकी तलाश की जा रही है।**

रविवार सोमवार रात बंगाली कॉलोनी के रहने वाले लोगों ने क्षेत्र में मादक पदार्थ का अवैध काम करने वाले परिवार के खिलाफ मीटिंग रखी थी। जिसमें उक्त महिला गौरी पति अनुज बंगाली को बुलाया गया था जो मादक पदार्थ मामले में शामिल थी। महिला ने अपना विरोध होते देखा साथियों के साथ क्षेत्र वासियों पर पथराव कर दिया था और भाग निकली थी। इसके बाद बवाल खड़ा हो गया था रहवासियों ने रात में चक्का जाम कर दिया था। आरोप लगाए गए की महिला और उसका पति मादक पदार्थ बेचते हैं दिनभर खरीदने वाले कॉलोनी में आते हैं और पता पूछते हैं नहीं बताने पर महिला और युवतियों से अभद्रता कर छेड़छाड़ तक करने लगते हैं। पुलिस ने अनुज बंगाली को कुछ दिन पहले ही आदेश शराब के साथ जेल भेजा था उसकी पत्नी गौरी के शामिल होने की जानकारी सामने आने पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उसके खिलाफ पथराव करने का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। रात में सूचना मिलने पर छुम छुम बाबा की दरगाह के समीप से महिला गोरी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया जिसके पास से 1.130 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया गया है। नीलगंगा पुलिस के अनुसार गांजा मिलने पर मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है वही पथराव में शामिल उसके साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बुधवार दोपहर बाद महिला को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### छात्र ने लगाई फांसी, युवक फंदे पर लटका मिला

उज्जैन। नरवर और पंवासा क्षेत्र में रहने वाली छात्रा और युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले बुधवार को सामने आए। दोनों मामले में आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ पाई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद जान शुरू की है। पहला मामला नरवर थाना क्षेत्र का था। यहां रहने वाले राजू टाटावत की 16 वर्षीय पुत्री दीपा ने मंगलवार बुधवार रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो चरक अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टरो ने परीक्षण के बाद अमृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने सूचना मिलने के बाद मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। दीपा टाटावत कक्षा नवी की छात्रा थी फिलहाल उसके द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम का कारण सामने नहीं आया है। दूसरा मामला पंवासा थाना क्षेत्र के शिव नगर का होना सामने आया यहां रहने वाले ड्रायवर नितेश पिता शंकर राव 28 वर्ष में बुधवार सुबह 11 बजे के लगभग घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। नितेश दो बच्चों का पिता था उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है इसकी वजह परिजनों के बयान दर्ज होने पर ही सामने आ पाएगी।

**आंदोलन** | **शासन-प्रशासन के खिलाफ लगाए नारे, सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने की भी मांग**

# शिप्रा के रामघाट में उतरकर शिवसेना ने किया सफाई के लिए जल सत्याग्रह

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन। शिप्रा नदी की सफाई के लिए शिव सेना को बुधवार को शिप्रा में उतरना पड़ा। पदाधिकारियों व कार्याकर्ताओं ने रामघाट के पास पानी में उतरकर जल सत्याग्रह किया व शासन-प्रशासन की अव्यवस्थाओं के खिलाफ नारे भी लगाए।**

शिवसेना ने शिप्रा के शुद्धिकरण और सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया। इसमें उज्जैन नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य शहरों से आए शिव सैनिक भी शामिल हुए। बाला साहेब ठाकरे द्वारा बनाई गई शिवसेना से यह लोग जुड़े हैं। मौके पर पत्रकारों से चर्चा में शिवसेना के राज्य प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि शिप्रा को लेकर पिछले काफी समय से शिप्रा के शुद्धिकरण को लेकर आंदोलन होते आए है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होती। जमीनों पर अतिक्रमण भी जारी है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को आदेश दिए थे कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाएं, लेकिन मठ मंदिर, स्कूलों, श्मशान सहित प्रदेश के कई जगह सरकारी जमीन से अब तक कब्जे नहीं हटाए गए हैं। इसलिए अब इस तरह के आंदोलन का कदम उठाया है।

### दिल्ली के बैंड की मनमोहक प्रस्तुति होगी



उज्जैन। इस वर्ष जन्माष्टमी पर्व 16 अगस्त शनिवार को श्रीकृष्ण मित्र विदा धाम पर भव्य महा प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। उज्जैन से भगवान श्रीकृष्ण का है गहरा नाता है। शास्त्रों में यहां भगवान श्रीकृष्ण के तीन अलग अलग सम्बन्ध बताए गए है। श्रीकृष्ण की बुआ राजाजी देवी उज्जैन से ही है, दूसरा श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली और गुरु सांदीपनि का भी यहां स्थान हैऔर तीसरा गहरा नाता यह है कि श्री कृष्ण उज्जैन के जमाई है। यहां की राजकुमारी मित्र विंदा उनकी पांचवी पटरानी है। इस प्रकार उज्जैन श्रीकृष्ण का ससुराल भी है। उज्जयिनी के राजा जयसेन की, पुत्री मित्रविंदा से श्रीकृष्ण का विवाह हुआ। धर्मनगरी उज्जैन में भैरवगढ़ रोड पर शिप्रा नदी के किनारे भगवान श्रीकृष्ण का ससुराल अर्थात मित्रविंदा धाम मंदिर बना हुआ है। यहां भगवान कृष्ण और मित्रविंदा की आकर्षक प्रतिमा विद्यमान है। इसी कड़ी में इस वर्ष 16 अगस्त शनिवार को जन्माष्टमी पर्व पर सुबह पंचामृत अभिषेक होगा।


